अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

03 Jan., 2024

USEFUL FOR



IAS | PCS

& other civil services exams

Sunil Lawania

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **योगीराज की बनाई रामलला की मूर्ति स्थापित होगी**



- केंद्रीय मंत्री ने जानकारी दी; कर्नाटक के मूर्तिकार ने इंडिया गेट की नेताजी की प्रतिमा भी तराशी
- अयोध्या के राम मंदिर के लिए रामलला की मूर्ति फाइनल हो गई है।
- इसे कर्नाटक के प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनाया है।
- इसकी जानकारी केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और कर्नाटक के पूर्व सीएम येदियुरप्पा ने सोशल मीडिया पर दी।
- उन्होंने लिखा, 'जहां राम हैं, वहां हनुमान हैं। कर्नाटक हनुमान की भूमि है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि हनुमान की भूमि कर्नाटक से रामलला के लिए यह एक महत्वपूर्ण सेवा है।'
- उधर, भाजपा नेता येदियुरप्पा ने भी योगीराज को बधाई दी और इसे राज्य के लिए गौरव का पल बताया।
- हालांकि, राम मंदिर ट्रस्ट ने इसकी अब तक कोई पुष्टि नहीं की है।

2. **महाराष्ट्र सरकार 15 जनवरी को राज्य खेल दिवस के रूप में मनाएगी**



- महाराष्ट्र सरकार हर साल 15 जनवरी को के रूप में मनाएगी
- राज्य खेल दिवस पहलवान खाशाबा जाधव की जयंती मनाने के लिए मनाया जाता है, जो 1952 में ओलंपिक में स्वतंत्र पदक जीतने वाले पहले भारतीय थे।
- मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र में जन्मे जाधव के जन्मदिन पर खेल को समर्पित एक दिन मनाने की पुणे में घोषणा की थी।
- जाधव ने 1952 में फिनलैंड के हेलसिंकी में आयोजित ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। एक सरकारी प्रस्ताव जारी कर स्कूलों और कॉलेजों को इस दिन खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने का निर्देश दिया गया।

3. **भारतीय नौसेना ने एडमिरल्स एपॉलेट्स का नया डिज़ाइन जारी किया**




- नए डिजाइन की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौसेना दिवस के अवसर पर की थी।
- इस नए डिजाइन में अष्टकोण नौसेना पताका से लिया गया है और छत्रपति शिवाजी महाराज की राजमुद्रा से प्रेरित है।
- नए डिजाइन में गोल्डन नेवी बटन गुलामी की मानसिकता को दूर करने के संकल्प को दोहराता है।
- अष्टकोण आठ प्रमुख दिशाओं का प्रतिनिधित्व करता है जो सर्वांगीण दीर्घकालिक दृष्टि का संकेत देता है।
- तलवार राष्ट्रीय शक्ति की अत्याधुनिकता के लिए नौसेना के सार का प्रतिनिधित्व करती है।
- टेलीस्कोप निरंतर बदलती दुनिया में दीर्घकालिक दृष्टि, दूरदर्शिता और मौसम पर नजर का प्रतिनिधित्व करता है।
- नए डिजाइन को अपनाना प्रधानमंत्री मोदी की पंच प्राण- देश की विरासत पर गौरव और गुलामी की मानसिकता को दूर करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

4. **देश की पहली और सबसे लंबी सुरंग राजस्थान में बनकर तैयार हो रही है**




- पहाड़ों का सीना चीरकर देश की पहली और सबसे लंबी सुरंग राजस्थान में बनकर तैयार हो रही है।
- आपने अब तक हाईवे पर वाहनों के लिए बनी सुरंग देखी होगी, लेकिन इस सुरंग को नदी से पानी ले जाने के लिए बनाया गया है।
- ये सुरंग इतनी लंबी है कि दो जिलों को आपस में जोड़ रही है।
- करीब 8 किलोमीटर 700 मीटर से अधिक लंबी सुरंग झालावाड़ से शुरू होती है और बारां जिले में जाकर खत्म होती है।
- इंजीनियरों ने कड़ी मेहनत से टनल के अंदर इतना चौड़ा ट्रैक तैयार किया है कि दो ट्रक एक साथ आसानी से चल सकते हैं।

5. **इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस बने न्यायमूर्ति अरुण भंसाली**

 

- राजस्थान हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायमूर्ति अरुण भंसाली इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस होंगे।
- देश के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने केंद्र सरकार से उनके नाम की सिफारिश कर दी है।
- इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर के सेवानिवृत्त होने के बाद से वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के तौर पर कार्यरत हैं।
- न्यायमूर्ति भंसाली की नियुक्ति के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट को मुख्य न्यायाधीश मिल सकेगा।

**6. विवेक श्रीवास्तव को अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा और होम गार्ड के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया**



- गुजरात कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी विवेक श्रीवास्तव को अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा और होम गार्ड के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।
- वर्तमान में इंटेलिजेंस ब्यूरो में एक विशेष निदेशक के रूप में कार्यरत, श्रीवास्तव का खुफिया और सुरक्षा मामलों में व्यापक अनुभव उन्हें महत्वपूर्ण आपातकालीन प्रतिक्रिया और नागरिक सुरक्षा पहल का नेतृत्व करने के लिए सक्षम बनाता है।.
- अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा और होम गार्ड गृह मंत्रालय के तहत कार्य करता है.

**7. हामिद करजई को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा अफगानिस्तान में शांति के लिए विशेष दूत नामित किया**



- अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा अफगानिस्तान में शांति के लिए विशेष दूत के तौर पर नामित किया गया है.
- चीन और रूस सुरक्षा परिषद में लाये गए इस प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहे, जबकि 13 देशों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया.
- गौरतलब है कि साल 2021 में तालिबान ने अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा किया था.

**8. मथुरा के वृन्दावन में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बालिकाओं के लिए पहले सैनिक स्कूल का उद्घाटन किया**



- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उत्तर प्रदेश में मथुरा के वृन्दावन में बालिकाओं के लिए पहले सैनिक स्कूल 'संविद गुरुकुलम' (Samvid Gurukulam) सैनिक स्कूल का उद्घाटन किया.
- सरकार ने साल 2019 में इस तरह के 100 नए सैनिक स्कूलों की स्थापना की पहल की थी, जिनमें से 42 विद्यालय स्थापित किए जा चुके हैं.
- इसके तहत गैर सरकारी संगठनों/निजी/राज्य सरकारी विद्यालयों के साथ साझेदारी की गयी है.

**9. वाइस एडमिरल किरण देशमुख भारतीय नौसेना में 'चीफ ऑफ़ मैटरियल' का पदभार ग्रहण किया**



- वाइस एडमिरल किरण देशमुख भारतीय नौसेना में 'चीफ ऑफ़ मैटरियल' का पदभार ग्रहण किया है.
- वाइस एडमिरल देशमुख वीजेटीआई, मुंबई विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं और वह साल 1986 को भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे.
- वहीं वाइस एडमिरल बी शिवकुमार युद्धपोत उत्पादन और खरीद नियंत्रक के रूप में कार्यभार संभाला है.

**10. अनाहत सिंहने स्कॉटिश जूनियर ओपन स्क्वैश अंडर-19 का टाइटल जीता**



- प्रतिभाशाली भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह (Anahat Singh) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एडिनबर्ग में आयोजित 2023 स्कॉटिश जूनियर ओपन स्क्वैश में लड़कियों का अंडर-19 का खिताब अपने नाम किया है.
- उन्होंने फाइनल मुकाबले में रॉबिन मैकअल्पाइन को 11-6, 11-1, 11-5 के अंतर से हराया.
- वहीं लड़कियों के अंडर-11 वर्ग में दिव्यांशी जैन उपविजेता रहीं.

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. किस राज्य के मूर्तिकार के द्वारा बनाई गई मूर्ति रामलाला के मंदिर में स्थापित की जाएगी?**
(a) ओडिशा
(b) उत्तर प्रदेश
(c) गुजरात
(d) कर्नाटक

**2. कौन सी राज्य सरकार हर साल 15 जनवरी को राज्य खेल दिवस के रूप में मनाएगी?**
(a) उत्तर प्रदेश
(b) गुजरात
(c) राजस्थान
(d) महाराष्ट्र

**3. हाल ही किस भारतीय शस्त्र सेना एडमिरल्स एपॉलेट्स का नया डिज़ाइन जारी किया है?**
(a) भारतीय थल सेना
(b) भारतीय नौ सेना
(c) भारतीय वायु सेना
(d) इनमे से कोई नही

**4. देश की पहली और सबसे लंबी सुरंग किस राज्य में बनकर तैयार हो रही है?**
(a) उत्तराखंड
(b) राजस्थान
(c) हिमाचल प्रदेश
(d) इनमे से कोई नही

**5. हाल ही में इलाहबाद हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश कौन बने है?**
(a) अरुण भंसाली
(b) मनिन मोहन श्रीवास्तव
(c) विजय बिश्नोई
(d) BR सारंगी

**6. अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा और होम गार्ड के महानिदेशक के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**
(a) विनय सागर
(b) विवेक श्रीवास्तव
(c) अभिषेक सिंह
(d) अशोक खेमका

**7. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा अफगानिस्तान में शांति के लिए किसे विशेष दूत बनाया गया है?**
(a) नरेंद्र मोदी
(b) हामिद करजई
(c) जो बाइडन
(d) एस जयशंकर

**8. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने यूपी के किस शहर में बालिकाओं के लिए पहले सैनिक स्कूल का उद्घाटन किया?**
(a) वाराणसी
(b) मथुरा
(c) लखनऊ
(d) मुरादाबाद

**9. किसने हाल ही में नौसेना में 'चीफ ऑफ़ मैटरियल' का पदभार ग्रहण किया है?**
(a) बी शिवकुमार
(b) किरण देशमुख
(c) अभिनव सेन गुप्ता
(d) इनमें से कोई नहीं

**10. स्कॉटिश जूनियर ओपन स्क्वैश अंडर-19 का टाइटल किस खिलाड़ी ने जीता?**
(a) अनाहत सिंह
(b) जोशना चिनप्पा
(c) सौरव घोषाल
(d) आदित्य जगताप

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (d) | (d) | (b) | (b) | (a) | (b) | (b) | (b) | (b) | (a) |